Hindi

एचआईवी (HIV) अभी भी है।

नियंत्रण में रखें।

अपनी स्थिति जानें।

एचआईवी जाँच क्यों करवानी चाहिए?

आपकी स्थिति को जानने का केवल यही एक तरीका है।

यदि जाँच में आपके संक्रमित होने की पुष्टि होती है, तो आपको जल्दी से जल्दी अपना ईलाज शुरु कर देना चाहिए, और आप सामान्य जीवन जी पाएँगे। आपको अपनी जाँच के परिणाम का जितनी जल्दी पता लगेगा उतना ही आपके स्वास्थ्य पर बेहतर असर होगा।

अपनी स्थिति के बारे में जानकर, आप ख़ुद का और दूसरों का बेहतर रुप से बचाव कर सकते/ती हैं।

जाँच किसे करवानी चाहिए?

आपको एचआईवी जाँच करवानी चाहिए यदि आपने:

- पिछले 12 महीनों में जाँच नहीं करवाई है।
- ऑस्ट्रेलिया में या विदेश में बिना कंडोम के संभोग किया है।
- सुईयों का साझा उपयोग किया है।
- विदेश में रक्त-आधान (ब्लड-ट्रैंसफ्यूज़न) करवाया है।
- बिना जीवाणू-रहित किए गए औजारों से छेदन करवाया है, टैटू बनवाया है, सुँदरता के लिए या चिकित्सीय ऑपरेशन करवाया है।
- खून से जुड़ी साँस्कृतिक प्रथाओं में हिस्सा लिया है।
- एचआईवी के संपर्क में आने के संभावित पिछले ख़तरों के बारे में चिंतित हैं।

एचआईवी की जाँच करवाने के क्या-क्या लाभ होते हैं?

यदि आप एचआईवी से संक्रमित पाए/ई गए/ई हैं तो आप:

- अच्छा ईलाज और देखभाल प्राप्त कर सकते/ती हैं।
- फिर भी एक सामान्य जीवन जी सकते/ती हैं।
- जब आप अनभिज्ञेय (अन्डिटेक्टेबल) एचआईवी का ईलाज करवा रहे/ही हों (रोगमुक्ति नहीं) तो आप संभोग के माध्यम से दूसरों को एचआईवी से संक्रमित नहीं कर सकते/ती हैं।

यदि आप एचआईवी से संक्रमित नहीं पाए/ई गए/ई हैं तो आप:

- कंडोम का उपयोग जारी रखें और किसी के ख़ून के संपर्क में आने से बचें।
- अगर ज़रूरत हो तो एचआईवी से खुद को बचाने के लिए एचआईवी से बचाव की दवाई "पोस्ट-एक्सपोज़र प्रोफिलेक्सस (PEP)" या "प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलेक्सस (PrEP) लें।
- नियमित रुप से जाँच करवाते/ती रहें ताकि आपको अपनी स्थिति का पता हो।

एचआईवी जाँच कहाँ करवाई जा सकती है?

आप निम्नलिखित स्थानों पर सुरक्षित और गोपनीय जाँच करवा सकते/ती हैं:

- आपका स्थानीय सामान्य चिकित्सा केन्द्र ।
- यौन स्वास्थ्य चिकित्सा केन्द्र।
  www.health.qld.gov.au/ sexhealth
- रैपिड चिकित्सा केन्द्र।
  www.rapid.org.au
- घर पर ख़ुद की जाँच करना।
  www.atomohivtest.com

एचआईवी की जाँच निःशुल्क और गोपनीय होती है। एचआईवी संक्रमित होने से आपके वर्तमान वीज़ा और आपको मिल चुके लाभों पर कोई असर नहीं पड़ता है।

एचआईवी के बारे में अधिक जानकारी के लिए, एथनिक कम्यूनिटीज़ काउंसिल ऑफ क्वींसलैण्ड की वेबसाइट पर जाएँ:

www.eccq.com.au/bbv
(07) 3844 9166

ECCQ

इस संसाधन को ईसीसिक्यू द्वारा क्यूएलडी हैल्थ से प्राप्त निधि से तैयार किया गया है। समीक्षा की गई 2022